तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024



12 महासमुंद में आदिवासी विकास के नए आयाम...





12 महाविद्यालय व उद्देश्य से अवगत हुए विद्यार्थी






## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने वाले तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले तीन लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने वार्ड नं 13 के घर में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे किशन सिंह पिता गंभीर सिंह (52 वर्ष), कांतुराम उर्फ कार्तिक रात्रे पिता सुखरूराम रात्रे (40 वर्ष) और ग्राम सुनसुनिया के लूमकरण नायक पर कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नयापारा में गुरु घासीदास जयंती 18 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में 18 दिसंबर बुधवार को संत शिरोमणि घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती का आयोजन सतनाम पारा जैतखाम में रखा गया है। जैतखाम परिषद में सुबह 10 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। शोभायात्रा ग्राम भ्रमण के लिए 2 बजे से 7 बजे तक निकाली जाएगी। राजा गुरु बालकदास अखाड़ा दल धर्मपुरा की कशिश डीजे नया रायपुर प्रस्तुति दी जाएगी। ग्रामीण बालक-बालिकाओं पंथी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 3 बजे ग्रामीणों द्वारा संजय बंजारे, शत्रुहन पाटिल, भोलाराम सोनवानी, मोहन पुरैना, महेत्तर आशकरण सोनवानी द्वारा पालो चढ़ा कर, मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 10 बजे छोटकू बड़कु छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी माधईपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।
में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जय सतनाम सेना के युवा प्यारे लाल पुरैना, आशीष जांगड़े, अजय सोनवानी, दिनेश पाटिल, सूरज वंशे, टुकेश्वर, बलराम, आकाश बंजारे, राकेश चेलक, किशोर सोनवानी, अजय बंजारे, हेमंत सोनवानी, प्रवीण वंशे, समीर बंजारे, गोविंद सोनवानी, ईश्वर बघेल, योगेश चेलक, रंजीत सोनवानी सदस्य जुटे हुए है।

### नौगड़ी में लगा पंजीयन नवीनीकरण शिविर

**महासमुंद।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगड़ी में श्रमिकों के लिए पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें श्रमिकों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। शिविर में नया पंजीयन 30 श्रमिकों का किया गया, जबकि 07 श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण संपन्न हुआ। शिविर में 70 से 80 श्रमिक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित श्रम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

# एनएचएम में संविलियन करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले भर से पहुंची मितानीनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में धरना दिया। मितानीनों ने अपनी प्रमुख मांग एनएचएम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंते हुए मांगों पर सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। धरना प्रदर्शन में सरायपाली, बसना, बागबाहरा, महासमुंद एवं पिथौरा सहित ग्रामीण इलाकों से भी मितानिनें शामिल हुईं।

## मितानिनों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं प्रभावित

### संविलयन तक आंदोलन की दी चेतावनी

मितानिन संघ का कहना है कि जब तक सरकार हमारे सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षण, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया कोऑडिनेटर तथा मितानिन हेल्प डिस्क कैसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में संविलियन नहीं करेगी, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल चलेगा।



### रोजमर्रा की सेवाएं हुई प्रभावित

मितानीनों के हड़ताल में चले जाने से इन मितानीनों के रोजमर्रा के सेवाओं से जुड़े लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल से प्रसव पूर्व होने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, संस्थागत प्रसव कराना, नवजात शिशुओं के घर भ्रमण, टीकाकरण कराना, प्राथमिक उपचार देना, लोगों को बिमारियों के बारे जानकारी देना एवं गंभीर बीमारियों में लोगों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मदद आदि को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार एसएचआरसी,एनओजीओ कर्मचारियों द्वारा किए गए मानसिक एवं आर्थिक शोषण से त्रस्त होकर शासन से 20 वर्षों का अनुभव के आधार पर (एचएचएम) में संविलियन किए जाने की मांग की थी, किंतु शासन द्वार उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया जा रहा। इस कारण प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा 13 दिसंबर से अनिश्चितकालीन काम बंद एवं कलम बंद हड़ताल में और 16 दिसंबर से जिला स्तर में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

## सिंचाई : जिले का सबसे बड़ा बांध पूरी तरह नहीं भर पाया

# बारिश कम हुई इसलिए बांध में भराव कम किसानों को पानी मिलने में भी संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अनुमान के विपरीत बारिश कम होने के कारण इस बार जिले का सबसे बड़ा बांध पूरी तरह नही भर पाया। जिसके चलते इस बार भी रबी फसल की सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। बता दें कि बांध की जल भराव क्षमता 30 फीट है जबकि अभी यहां केवल 12 फीट पानी बचा है, जल स्तर कम होने के कारण बीते दो सालों से पानी नही दिया जा रहा था और इस बार भी कम पानी होने के कारण किसानों को पानी मिल पाना संभव नजर नही आ रहा।

जलस्तर को देखते हुए गांवों की मांग पर सिर्फ निस्तारी के लिए ही पानी छोड़ा जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों से मानसून सीजन में बारिश कम होने से जलाशयों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। मौजूदा सीजन में वही स्थिति निर्मित हो गई है। जिले के जलाशय बारिश के पानी पर ही निर्भर है। कोडार बांध में जलभराव की क्षमता 30 फीट है। इस वर्ष केवल 23 फीट तक ही पानी भर पाया। पिछले वर्ष 28 फीट और 2022 में 16 फीट ही पानी भर पाया था। कोडार बांध में पानी नहीं होने से किसान केशवा जलाशय से पानी प्रदान करने की मांग करने लगे हैं। कलेक्टर तक को ज्ञापन सौंप चुके हैं। रबी सीजन में ज्यादातर किसान धान की फसल लेते हैं। धान में पानी की अधिक आवश्यकता होती है। पानी नहीं मिलने पर फसल बर्बाद हो जाती है। साधन संपन्न किसान धान की फसल लेते हैं। देखा जाए तो चार-पांच वर्षों में पहली बार मानसून सीजन में महासमुंद विकासखंड में कम बारिश हुई।



### किसान नहीं लेना चाहते अन्य कोई फसल

कृषि विकास द्वारा किसानों को रबी सीजन में धान के अलावा अन्य फसल लेने प्रोत्साहित किया जा रहा है। लेकिन, कई फसलों का समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से किसान इसे लेकर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। किसानों का स्पष्ट कहना है कि वे फसल ले तो लें लेकिन, उपज का उचित मूल्य और स्थानीय बाजार नहीं मिल पाने से परेशानी होती है।

### गर्मी में दिया जाता है पानी

गर्मी के दिनों में तालाब जल्दी सूख जाते हैं। निस्तारी के लिए तालाबों में पानी नहीं रहता है। वन्य जीव भी प्यासे भटकते हैं और शहर की तरफ आने लगते हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के पानी 70 तालाबों में पानी भरा जाता है। अप्रैल व मई के पहले सप्ताह में तालाबों को पानी दिया जाता है।

### कटाई के साथ शुरु हुई फसल की तैयारी

रबी फसल लेने के लिए आस-पास के गांव के किसान पराली जला रहे हैं। इससे वातावरण पर भी असर पड़ रहा है। किसानों को जागरूक करने के बाद भी किसान फसल के अवशेषों पर आग लगा रहे है। प्रशासन द्वारा पराली जलाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खेतों से लगे हुए लोगों के घर के छतों पर सुबह-सुबह पराली के जले हुए अवशेष गिरे मिलते हैं।

### अनुमान से कम हुई बारिश इसलिए, जलभराव कम

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद विकासखंड में 861 मिमी वर्षा हुई। जबकि, 1265 मिमी वर्षा का अनुमान था। 73.9 प्रतिशत बारिश हुई। जिले में भी औसत से कम वर्षा हुई। 993 मिमी अनुमान था और 92.7 प्रतिशत बारिश हुई। इसके अलावा पिछले वर्ष लंबे समय तक रबी फसल के लिए किसानों को पानी दिया गया था। एसडीओ जीपी पाटिल ने बताया कि बांध में पानी इस बार काफी कम है। रबी सीजन के लिए पानी नहीं दिया जाएगा। किसान मांग कर रहे हैं, लेकिन बांध में पानी कम है।

## जंगल में छापामार कार्रवाई में जब्त की गई 80 लीटर कच्ची शराब और महुआ लाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आबकारी विभाग ने सरायपाली क्षेत्र के लिमउगुड़ा से 80 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 750 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है।

अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी निधीष कोष्ठी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल सरायपाली के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा की जा रही सतत कार्रवाई के क्रम में 16 दिसंबर को मुखबीर से मिली सूचना मिली थी कि ग्राम मुंधा पहाड़ी में कुछ लोग काफी मात्रा में विक्रय करने हेतु शराब निर्माण कर ग्राहक की इंतजार कर रहे हैं तथा शराब बनाने के लिए महुआ पास रखे हुए हैं।

- आबकारी विभाग की कार्रवाई, सरायपाली क्षेत्र के लिमउगुड़ा में दी दबिश

उक्त सूचना के आधार पर जब आबकारी टीम उक्त स्थल पर पहुंची तो आरोपी द्वारा जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। वहीं झाड़ियों की तलाशी ली जाने पर चार प्लास्टिक की बाल्टी में भरी हुई कुल 80 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुवा शराब कीमत16000 रुपए, 15 प्लास्टिक बोरियों में भरी हुई महुआ लाहन कुल मात्रा 750 किलोग्राम कीमत 37500 को जब्त किया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34 (1) क, च, एवं 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में दरसराम सोनी आबकारी उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक खिनी राम खुटे, वृत्त सरायपाली की आबकारी टीम शामिल थी।

## राशन कार्ड वितरण के लिए मकान टैक्स के नाम पर पचेड़ा पंचायत में वसूली की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पचेड़ा में नया राशन कार्ड वितरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति से मकान टैक्स के नाम पर 200 रुपए तथा नया राशन कार्ड बनाए जाने के लिए 5000 रुपए वसूल किए जाने की शिकायत सामने आई है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से करते हुए रकम वापस दिलाने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों ने बताया कि आस-पास के जितने भी पंचायतें हैं वहां इस प्रकार की कोई राशि नही ली गई। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि टैक्स के नाम पैसा वसूल कर पंचायत के सचिव, सरपंच, उपसरपंच व पंचगणों द्वारा आपस में बंदरबांट किया गया है।

## नगरीय कर्मचारी रायपुर के आंदोलन में शामिल हुए

**महासमुंद।** नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले छत्तीसगढ़ 184 निकायों के कर्मचारी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 दिसंबर को रायपुर में चल रहे आंदोलन में शामिल हुए।

सफाई कर्मी, गार्डन कर्मी, जल संसाधन कर्मचारी, सहायक अभियंता, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों की मुख्य मांगों में निकाय के कर्मचारी को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, ओल्ड वेतन योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर कर्मचारियों की पदोन्नति करने, 6वें व 7वें वेतनमान एरियर्स राशि भुगतान करने, एवं नगरीय निकाय में ठेका पद्धति समाप्त करने शामिल हैं। कर्मचारी इसके पूर्व ही 12 से 14 नवंबर तक 6 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय के कर्मचारी बिलासपुर में हड़ताल कर चुके हैं।



संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया है कि शासन हमारी 6 सूत्रीय मांगों पर कोई विचार नहीं कर रहा है, सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कोई भी कर्मचारी या परिवार के सदस्य मतदान में भाग नहीं लेगें। इस संबंध में कर्मचारियों से चुनाव में भाग नहीं लेने संबंधी प्रपत्र भी भरे गए हैं।


## आवश्यकता है

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद


## कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित करना

# महिला सशक्तिकरण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ जन जागरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेश शुक्ला ने की, जो सामाजिक विकास और सामुदायिक उत्थान के क्षेत्र से वर्षों से जुड़े हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सोशल इंफ्लुएंसर और महिला प्रेरणास्त्रोत डॉ. एकता लंगेह उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित करना, उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना और उनके कैरियर को नई दिशा देना था। आयोजन के दौरान, जन जागरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष आत्माराम मार्कंडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।





ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, डॉ. एकता लंगेह ने महिलाओं को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया के माध्यम से नए अवसरों की खोज करने की सलाह दी। डॉ. लंगेह ने बताया कि आज के समय में तकनीकी सशक्तिकरण महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बना सकता है, बल्कि उन्हें अपने समुदाय और समाज में एक सशक्त स्थान प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुरेश शुक्ला ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में ग्रामीण विकास और सामाजिक सहभागिता में महिला समूहों की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के अंत में, महिलाओं ने अपने-अपने समूहों के प्रदर्शन और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। कई महिलाओं ने बताया कि कैसे उन्होंने छोटे-छोटे कदमों से अपने जीवन में बड़े बदलाव लाए।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आत्माराम मार्कंडेय ने सभी अतिथियों, सहभागियों और संस्थान के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा जताया कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सशक्त बनाएंगे, बल्कि उनके माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने महिलाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ उनके जीवन में नई दिशा देने का काम किया। इस अवसर पर खेमराज बघेल, गंगाराम ठाकुर, किशोर ठाकुर, मंजूषा ठाकुर, तीज बाई, किरण बघेल, राहुल जोशी टिकेश बघेल, खेमराज बघेल और भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# तोषगांव में निःशुल्क त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम योजना अंतर्गत आयुष ग्राम तोषगांव के बाजार चौक में 16 दिसंबर को निःशुल्क त्रैमासिक स्वास्थ्य शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




उक्त शिविर में लाभान्वित रोगियों की संख्या 223 रही। लोगों को प्रकृति परीक्षण के बारे में जानकारी दी गई एवं परीक्षण भी किया गया। रोगियों की ब्लड प्रेशर जांच की गई एवं रोगानुसार औषधि वितरण एवं आहार-विहार की जानकारी दी गई। सभी रोगियों को आयुष काढ़ा पिलाया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को संक्रामक रोगों से बचाव के बारे जानकारी दी गई तथा आयुर्वेद अनुसार हेमंत ऋतु के लिए दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी भी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधे जैसे मुनगा, नीम, तुलसी, गिलोय, अर्जुन आदि के औषधीय प्रयोग की जानकारी दी गई।

ग्राम के किसानों को औषधीय पौधों के कृषि करने एवं आर्थिक लाभ की जानकारी दी गई। शिविर आयोजन में शिविर प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी तोषगांव एवं डॉ रंजना पटेल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भंवरपुर, फार्मासिस्ट गणेश सिंह जगत एवं अंशकालिक स्वच्छक तक्ष कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## नांदगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में कुशल पटेल, छन्नू पटेल और रुपेश पटेल के पिता की स्मृति में सभी छात्रों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठक शीला चंद्राकर, शिक्षक कमलेश पटेल, अजय बंजारे, लक्ष्मी साहू, घनश्याम बंजारे तथा उनके घर के सदस्य उपस्थित रहे।

## ठंड दूर भगाते हो गई गर्मा-गर्मी, मारपीट

**रायपुर**। कड़ाके की ठंड के दौरान खाली जगह पर आग तापने पर उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई और मामला पुलिस तक पहुंच गया। ग्राम केसला में रहने वाले छन्नू को जय कुमार बंजारे ने पीट दिया। खरोरा पुलिस ने अनुसार, घटना रात 8 बजे के आसपास की बताई गई है। उस वक्त दोनों आग के पास बैठकर ठंड दूर भगा रहे थे और उनके बीच गाली-गलौज हो गई और नौबत मारपीट तक पहुंच गया।

## दिल्ली में शिव सेना के धरने में शामिल हुए जिले के कार्यकर्ता

महासमुंद। छग शिवसेना प्रमुख(शिंदे गुट) धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में 17 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में आयोजित महाधरने में जिले के शिवसैनिक रवाना हुए। महाधरने में जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश भर से सैकड़ों शिवसैनिक इस धरने में पहुंच रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया जाए । देश में नागरिक संशोधन अधिनियम 2019( सीएए/एनआरसी) को पूरे देश में लागू किया जाए । जनसंख्या नियंत्रण हेतु दो बच्चों से ऊपर होने से उस परिवार का आधार कार्ड, बैंक अकाउंट, सरकारी और प्राइवेट नॉकरी राशन, गैस सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं आदि में उनको सरकारी लाभ ना दिया जाए चाहे वो किसी धर्म में से हो, इस आशय से का कानून पारित किया जाए। प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए धर्मांतरण प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के साथ -साथ प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी जारी है शहरी क्षेत्रों में भी जारी है शहरी जिलों में भी धर्मांतरण काफी बड़े स्तर पर किया जा रहा है उस पर तत्काल रोका जाए। सारे देश में रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ लगातार जारी है, उसे रोका जाए। प्रदेश के सभी धार्मिक स्थल चाहे वह मस्जिद हो या अन्य धार्मिक स्थल हो जहां ध्वनि यंत्र का उपयोग किया जाता है, उस ध्वनि यंत्र को मानक क्षमता सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार तय किया जाए। साथ ही धार्मिक स्थल किसी भी धर्म का हो उसका दुरुपयोग देश की एकता एवं अखंडता के विरुद्ध होने पर उक्त स्थल की तालाबंदी के साथ राजसात किया जाए। इस आशय के साथ कानून पास किया जाए। धार्मिक स्थल अधिनियम लागू किया जाए जिसमें किसी भी धर्म स्थल बनाने की अनुमति जिलाधीश के निहित करते हुए जनसंख्या अनुपात अनुसार किया जाए। बोलने की स्वतंत्रता के नाम पर लगातार हिंदू धर्म और देश का देश के नेताओं का अपमान लगातार सोशल मीडिया और अखबारों में साथ ही न्यूज चैनलों में जारी है, इसकी रोक के लिए संबंधित कानून को पास कर के देशव्यापी लागू किया जाए। प्रदेश में हो रहे गौ तस्करी को पूरी तरह बंद किया जाए। गौ हत्या करने वालों के ऊपर धारा 302 अर्थात संशोधित अधिनियम भारतीय न्याय संहिता 2023 के अनुसार धारा 103 का मुकदमा दर्ज किया जाए । महाधरने में शामिल होने जिले से अजय बंजारे जिलाध्यक्ष, लोकेश्वर चंद्राकर जिला महासचिव, सेवक दास दीवान प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, अशोक प्रधान जिला उपाध्यक्ष, इनकुमार लहरे, विजय प्रधान, अमित शर्मा, किशोर साहू आदि शिवसैनिक पहुंचे हैं।


















## खबर संक्षेप

### चार किलो गांजा के साथ तस्कर पकड़ा गया

**रायपुर।** तेलीबांधा इलाके में ढाबे के पास गांजा बिक्री करने वाले तस्कर संजू उर्फ संजय मराठा को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्रीन लाइट ढाबा के समीप बाइक पर एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा है। पुलिस ने हुलिए के आधार पर पकड़कर उससे पूछताछ की तो गांजा बिक्री का मामला सामने आ गया।आरोपी संजू तेलीबांधा इलाके का ही रहने वाला है, उसके पास से चार किलो से अधिक गांजा जब्त हुआ है, जिसकी कीमत 48 हजार रुपए बताई गई है। उसकी बाइक भी जब्त कर ली गई है।

### आपसी विवाद पर युवती की पिटाई

**रायपुर।** आपसी विवाद पर तेलीबांधा इलाके में युवक ने एक युवती की पिटाई कर दी। मामला गरमाने के बाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की है। युवती मोनिका डीडीनगर इलाके में रहने वाली है और आरोपी मनीष साहू से पुरानी जान-पहचान है। आपसी बातचीत के दौरान मनीष आपा खो बैठा और युवती की पिटाई कर दी।

### घर के सामने से बाइक उड़ा ले गए चोर

**रायपुर।** राजधानी में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। सूने मकानों के ताले टूट रहे हैं और सड़कों पर खड़ी बाइक भी चोरों के निशाने पर है। शुक्रवार को डीडीनगर के विकास विहार कालोनी में खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। प्रार्थी यशवंत श्रीवास को चोरी की जानकारी तब हुई, जब वह घर से बाहर निकला। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी जांच कर रही है।

### पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास की दीवार से भिड़ी कार बाल-बाल बचे सुरक्षाकर्मी

**रायपुर।** वीआईपी इलाके में तेज रफ्तार से दौड़ रही कार पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास की दीवार से जा भिड़ी। सुबह-सवेरे हुए इस हादसे में बंगले की सुरक्षा में तैनात कर्मचारी बाल-बाल बच गए। एयरबैग खुलने की वजह से कार सवारों को चोट नहीं आई, जो घटना के बाद फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, देवती कर्मा का निवास सिविल लाइंस इलाके में है। वहां सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस जवान मोहन लाल मरावी ने थाने में शिकायत की है कि वह रात्रि ड्यूटी में तैनात था। इस दौरान अर्धरात्रि करीब पौने 2 बजे एसआरपी चौक की तरफ से तेज गति से आई कार क्रमांक सीजी 08 एजे 1360 सीधे पूर्व विधायक के निवास की दीवार से जा टकराई। घटना के दौरान मरावी और कुछ अन्य जवान तैनात थे, जो कार की गति देखकर दूर हट गए, जिससे वे कार की चपेट में आते-आते बचे। इधर दीवार से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके सभी एयरबैग खुलने की वजह से चालक को चोटें नहीं आई। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को जब्त कर लिया है।

## सुनवाई: नपा महासमुंद की एकतरफा कार्रवाई अनावेदक निरस्त कराएं

# मृतक की पत्नी अकेले अपना नाम दर्ज नहीं करा सकती संपत्ति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्यगण लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, ओजस्वती मंडावी ने कलेक्टर सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर में 297 वीं एवं जिला स्तर में 9वीं सुनवाई हुई। जिले में आज की जनसुनवाई में कुल 18 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गए।

सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में थाना प्रभारी बसना को नोटिस दिया गया वह स्वयं उपस्थित व आवेदिका अनुपस्थित है। आगामी सुनवाई में आवेदिका को उपस्थित रखने के लिए टीआई ने मांग किया गया। उन्हें समझाइश दिया गया कि आगामी सुनवाई में आवेदकगण को उपस्थित नहीं रख पाने की स्थिति में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। प्रकरण को रायपुर स्थानांतरित किया गया। अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित दोनों पक्षों के बीच सुलह नामा हेतु



### राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया के समक्ष सुलहनामा प्रक्रिया ग्राम पंचायत पचरी में 29 दिसंबर को की जाएगी

संरक्षण अधिकारी पूनम कोसरिया को प्रकरण की छायाप्रति उपलब्ध कराया गया। उनके द्वारा छः माह तक प्रकरण की निगरानी किया जाएगा। अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों को विस्तार से सुना गया। आवेदिका की जमीन पर अनावेदक 2, सरपंच ग्राम लामी द्वारा जेसीबी से पेड़ उखाडा जाना स्वीकार किया गया है, इससे आवेदिका की शिकायत प्रमाणित होती है कि बिना जानकारी के फेंसिंग तार काटकर पेड़ उखाड़ा गया। अनावेदक 1 जो कि ग्राम सरंपच के पति व शिक्षक है उनके द्वारा सरपंच पद के समस्त अधिकारों का दुरूपयोग किया जा रहा और सरंपच को किसी बात की जानकारी नहीं रहती तथा आवेदिका से 1200 रुपए फोन पे पर लेना स्वीकार किया गया। इससे यह स्पष्ट है कि आवेदिका से अनावेदक 1 ने 13800 रुपए भी लिया होगा, लेकिन उसके बाद भी आवेदिका के शिकायत की कोई कार्रवाई नहीं किया गया। अनावेदक 2 द्वारा आवेदिका से अश्लील छेड़छाड़ जातिगत आवेदिका से गाली गालौज किया गया, जिसकी शिकायत आवेदिका ने थाना प्रभारी पटेवा से की थी, जिसका स्थानांतरण महासमुंद हो गया है। वर्तमान में पटेवा में उपनिरीक्षक थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ है। उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचित करने की जिम्मेदारी अनावेदक 3 की होगी। तथा आयोग की ओर से सूचना भेजी जाएगी। उभय पक्ष को समझाइश दिया गया कि 29 दिसंबर 2024 को आवेदिका के ग्राम में दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन पचरी में समस्त उभय पक्ष उपस्थित होंगे। जिसमें महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, संरक्षण अधिकारी पूनम कोसरिया, काउंसलर जागेश्वरी सोनवानी एवं थाना प्रभारी पटेवा के साथ चार पुलिस बल उपस्थित रहेगी।

आवश्यकतानुसार मौके पर निरीक्षण के लिए कार्रवाई सदस्य द्वारा किया जा सकेगा। उनके रिपोर्ट मिलने के पश्चात प्रकरण पर अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा। एक अन्य मामले में नगर पालिका महासमुंद में मृतक उमेश चंद्राकर व गौरव चंद्राकर के नाम पर दुकान नंबर 22 इंदिरा मार्केट में आवेदिका तृप्ति उर्फ रानी चंद्राकर ने अकेले का नाम चढ़ा लिया। जिसे निरस्त कराने की कार्रवाई भी अनावेदकगण कर सकते है। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

# शोधार्थी शिक्षक और विद्यार्थी स्वमूल्यांकन के लिए पहुंचे कोकड़ी सरकारी स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराज्यीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा टीम हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, नागपुर, राजस्थान, गुजरात आदि ने कोकड़ी सरकारी स्कूल व मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही का शैक्षिक भ्रमण किया। टीम ने जाना किस तरह कोकडी सरकारी स्कूल और आश्रम परस्पर पूरकता के साथ मूल्य शिक्षा स्वयं में विश्वास, आत्म सम्मान, गौरव, शिष्टाचार, संबंध, सही संबोधन, समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी, भागीदारी का पाठ कैसे बच्चों को पढ़ाया और समझाया जाता है? न्याय, धर्म, सत्य की समझ कोकड़ी सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों में कैसे आया? बच्चों में स्वयं में विश्वास कैसे जगा? बच्चे मुखर कैसे हुए? बच्चों को गणित, अंग्रेजी का ज्ञान समेत पर्यावरण समझ कैसे बढ़ा? ऐसे अनेक मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दों समेत चेतना विकास मूल्य शिक्षा शोधार्थी टीम ने कोकडी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया और बच्चों से संवाद किया। स्कूल के भौतिक वातावरण से टीम बहुत प्रभावित हुई। बच्चों के पढ़ने, समझने, सार्थक जिज्ञासा के लिए कोकड़ी सरकारी स्कूल के वातावरण को सबसे बेहतर पाया।

ज्ञात हो टीम ने 6 माह तक अभ्युदय संस्थान अछोटी में निवास कर मध्यस्थ दर्शन जीवन विद्या का अध्ययन किया है, ये सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारत के अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित हुए, जो स्वयं के व्यय से मानवीय मूल्यों को समझने-जीने के प्रयास और प्रयोग में अभ्यासरत हैं। अपने राज्यों के शैक्षिक टीम को कोकड़ी सरकारी स्कूल और मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही का शैक्षिक भ्रमण कराने का निर्णय टीम ने लिया है। साथ ही कोकड़िया को अपने राज्यों में आमंत्रित कर मूल्य शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे।

## एनआईटी में आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा में आशी का प्रथम रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विद्यार्थी विज्ञान मंथन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो विज्ञान भारती, विज्ञान प्रसार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है जो राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित है




बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने तथा भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए योगदान से अवगत करवाने के उद्देश्य से तीन चरणों (स्कूल, राज्य, राष्ट्रीय) में आयोजित होने वाली परीक्षा है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर विद्यार्थियों को एक साल तक 2 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से स्कॉलरशिप दी जाती है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन (इंडिया का लार्जेस्ट ऑनलाइन टैलेंट एक्जाम) के तहत प्रभारी प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के सतत मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल के 30 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया, जिनका परीक्षा परिणाम काफ़ी प्रशंसनीय रहा। इसमें राज्य स्तरीय कैम्प (एसएलसी) के लिए छठवीं की छात्रा आशी सतपथी जो ज़िला स्तर पर छठवीं कक्षा स्तर में प्रथम रैंक पर रहीं है उनका चयन एनआईटी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कैंप (एसएलसी) के लिए हुआ, जहां पर आशी ने सफलतापूर्वक प्रतिभागिता किया, जिससे प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें आशी सतपथी की माता नंदिनी सतपथी एवं पिता जयंत सतपथी का भी खूब योगदान रहा है। वी वी ए म एक्जाम को-आ र्डि ने ट र यशवंत चौधरी ने बताया कि इस बार सेजेस सरायपाली ने एक नया की र्ति मा न अर्जित किया है जिला स्तर पर अ धि का धि क विद्यार्थियों ने टॉप सूची में जगह बनाई है। जिला स्तर पर रैंक होल्डर के रुप में सेजेस से छटवीं कक्षा स्तर पर आशी सतपथी ने प्रथम स्थान, देविका चौधरी ने द्वितीय स्थान, समृद्धि नायक तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सातवीं कक्षा स्तर में प्रकृति प्रधान ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा आठवीं स्तर पर श्रेष्ठ अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अनय अग्रवाल एवं आस्था पटेल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना और विद्यालय/क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जिन्हें वीवीएम द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

# सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्षों की हुई बैठक में अध्यक्ष कामता व उपाध्यक्ष विजय चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

तोरेसिंहा शाखा के 26 समिति के प्राधिकृत अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक भंवरपुर रोड स्थित सिमरन पैलेस में रखी गई, जिसमें संघ का गठन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और समितियों में होने वाली समस्याओं का निराकरण के लिए सर्वसम्मति से प्राधिकृत अध्यक्ष संघ का कामता पटेल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष विजय प्रधान को बनाया गया। साथ ही कार्यकारियों में संरक्षक अनंत पटेल, रेशम पटेल, सचिव प्रदीप साहू, सहसचिव संजय डडसेना, कोषाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी को चुना गया है।



बैठक के दौरान नवनियुक्त प्राधिकृत संघ के अध्यक्ष कामता पटेल ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सभी समितियों में बफर लिमिट से अधिक धान खरीदी हो चुकी है। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदने जगह का अभाव है, टीओ, डीओ भी जारी नहीं हो रहा है, जहां टीओ जारी हुआ है, वहां धान का परिवहन नहीं होने से सभी उपार्जन केंद्रो में आगामी एक-दो दिनों में धान खरीदी बंद करने की स्थिति हो गई है। जिसके लिए बहुत जल्द उच्च अधिकारियों को मिलकर ज्ञापन सौंपने और टीओ, डीओ जारी करने धान के उठाव में तेजी लाने मांग करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र में मिलर्स से पहुंच रहे कई बारदाना अमानक है, जिसे छटनी करने धान भरने के योग्य बनाने के लिए उपार्जन केंद्र के प्रभारियों को अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है, जिसे धान खरीदने योग्य उपयोगी बारदाना को ही मिलर्स से लेने की बात कही। समिति अध्यक्षों की पहली बैठक में कई सुझाव भी रखे गए। जिसमें बैठक में समिति से विपणन संघ को धान भेजने पर पुराने बारदाना में पीडीएस, मिलर्स एवं किसान के बारदाना का अलग-अलग विवरण विपणन संघ द्वारा मांगा जा रहा है, जिसे अनुचित कहते हुए बारदाना की क्वालिटी अनुसार 50 प्रतिशत नया और 50 प्रतिशत पुराना उल्लेख किया जाए, स्टेक में धान रखने नया बारदाना के नीचे सतह में पुराना बारदाना में भर्ती धान रखने का निर्णय लिया गया है। क्योंकि, नीचे सतह का नया बोरा अक्सर खराब हो जाता है, जिसे शासन की ओर से 89 रुपए से अधिक राशि प्रति बोरा का कटौती किया जाता है, जिससे समिति को चार गुना से अधिक नुकसान का वहन करना पड़ता है। बैठक के दौरान समिति अध्यक्षों व समिति प्रबंधकों की ओर से एक यह भी सुझाव आया कि धान परिवहन व्यवस्था के संबंध में शासन के द्वारा जिस तरह से संग्रहण केंद्र में सूखत के लिए निर्धारित दर तय किया गया है। वही दर पर उपार्जन केंद्र में भी सूखत मान्य किया जाए और समिति से ही मिलर्स को धान प्रदान किया जाए, ताकि सूखत का नुकसान समिति को उठाना ना पड़े।

बैठक के दौरान सरायपाली शाखा के अंतर्गत नूनपानी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष कामता प्रसाद पटेल, संजय डड़सेना (जम्हारी), जयलाल पटेल (नवरंगपुर), नेपाल साहू (रिसेकेला), शरद पटेल (नवागढ़), अनंत कुमार पटेल (सरायपाली), रमेश नायक (भोथलडीह), उपेंद्र चौधरी ( कनकेबा), नरेश प्रधान (पुटका), कैलाश साहू (चिवराकुटा), पंकज साहू (सिंगबहाल), अनंतराम बीसी (रुढा), घनश्याम भोई (मल्दामाल) व प्यारीराम साहू (तिहारीपाली), श्यामलाल साहू (बोंदा), वही तोरेसिंहा शाखा से वीरेंद्र साहू (कुसमीसरार), ताबीर प्रसाद नौरेजी (सिरबोडा), राजकुमार पटेल (तोरेसिंहा), विजय प्रधान (तोषगांव), नरेश तिवारी (कोटद्वारी), अमृत साहू (गेर्रा), प्रसन्न प्रधान (केना), प्रदीप साहू (बेलमुंडी), रेशमलाल पटेल (जोगनीपाली) व महेंद्र सिंह राजपूत को (केजुवां), राजकुमार भोई (जंगल बेड़ा) सहकारी समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### रामसागरपारा में उस्ताद हुसैन को दी श्रद्धांजलि

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में 16 दिसंबर 2024 को देश के मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन हो जाने पर शालेय स्टाफ, विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शिक्षकद्वय दुष्यंत सिन्हा, कोमल दीवान एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नागेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

# चिपरीकोना में हुआ महालक्ष्मी महोत्सव, डांस स्पर्धा में स्वरागिनी डांस ग्रुप ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम चिपरीकोना में महालक्ष्मी पूजा महोत्सव कार्यक्रम 9 से 14 दिसंबर तक हुआ। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न आयोजन हुए। शुक्रवार को डीजे डांस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के ख्यात 42 टीमों ने भाग लेकर रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में प्रथम स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर, द्वितीय सेवन स्टार डांस ग्रुप सरसीवा, तृतीय सरारा डांस ग्रुप भटगांव,चतुर्थ आरएन डांस ग्रुप सम्हर, पंचम हमर छत्तीसगढ डांस ग्रुप बड़े साजपाली, षष्ठम एसके डांस ग्रुप रेमड़ा रहे। युगल में प्रथम राधेश्याम तमनार, द्वितीय पवन हीना रायपुर, तृतीय भोला बिंदु रायगढ़, चतुर्थ-फ्यूचर क्वीन ओडिशा,



पंचम कौशल लक्ष्मी पटेवा, षष्ठम-भावेश सोनिया रायपुर ने तथा एकल में प्रथम सूरज निषाद झलप, द्वितीय- पुष्पा कैवर्त कसडोल, तृतीय-जीवन साहू महासमुंद, चतुर्थ- मौसमी मानिकपुरी बलौदाबाजार, पंचम भाग्यलक्ष्मी बारामूला शक्ति, षष्ठम- मल्लिका रायगढ़ ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सम्मान राशि व प्रशस्ति पत्र आजाद युवा समिति द्वारा भेंट की गई। शहीद वीर नारायण सिह को भी याद कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही गोवर्धन प्रसाद साहू को संस्कृति 'संरक्षक सम्मान' से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रीतम सिंह सिदार, अध्यक्षता उत्तम सिंह चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि महाबली पोर्ते कला शिक्षक, जयपाल बघेल, संगीता अजय सिदार, जगदीश नेताम, नरेंद्र सिदार, अवध राम जगत, फगुलाल राठिया, महेश राम सिदार रहे। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन प्रसाद साहू, शंकर सिंह सिदार एवं सुरेंद्र चौहान ने किया। वही निर्णायक के रूप में नीलेश धुवल, मजेश चौहान, गीतांजलि निषाद, मुकेश साहू रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिदार, उपाध्यक्ष गणेश सिदार, कोषाध्यक्ष तीर्थ कुमार नाग, सचिव बिरेंद्र चंद्रवंशी सहसचिव कन्हैया सिदार, तिलक राम पटेल, डा बीपी साहू, आनंद सिदार, जगदीश कैवर्त, आजाद युवा समिति के सदस्यों व महिला स्वसहायता समूह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिए।

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खल्लारी क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम एमके बाहरा और चरौदा के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। थाना प्रभारी खल्लारी ने जानकारी देते हुए बताया मृतक सफेद-काला इनर, नीले रंग की जींस एवं एप्पल का बेल्ट पहना हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है।

### लोक कला महोत्सव प्रतियोगिता आज

**महासमुंद।** जिले में गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय नर्तक दलों की चयन प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के मैदान में आयोजित होगी। निर्णायक मंडल की उपस्थिति में नर्तक दल अपनी लोककला प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे होगा। सहायक आयुक्त शिल्पा साय आदिवासी विकास विभाग ने सभी पंजीकृत नर्तक दलों को आयोजन स्थल पर एक घंटे पूर्व उपस्थित रहने को कहा गया है।

### शहर में होगी अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता

**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ के तत्ववाधान में अंडर 14 इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। यह आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में ड्यूज बॉल गेंद से खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा केवल महासमुंद एवं गरियाबंद जिले की स्कूल की टीमें ही भाग ले सकती है, जिसके लिए स्कूल के व्यायाम शिक्षक संघ के सदस्य तृपेश साहू, जमशेद रजा, पुष्पेंद्र साहू, आलोक द्विवेदी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### साहू समाज की बाइक रैली 7 जनवरी को

**रायपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित भामाशाह छात्रावास में विगत दिनों बैठक हुई। जहां राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाइक रैली को लेकर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक पवन साहू ने बताया कि बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा निकाली जाएगी, जो कि राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। साथ ही इस बाइक रैली का समाजजनों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए।

## निधन

### सुखबती साहू

**बिरकोनी।** ग्राम कांपा स्कूल चौक निवासी सुखबती साहू (70) का देहांत 14 दिसंबर शनिवार को हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन उपस्थित रहे। वे हेमलाल साहू के भाई बहू, मदन साहू की भाभी व गीता साहू, मीना साहू की मां थी।



# परकोम में दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन में बारह टोलियों ने दी सुमधुर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के आदर्श शिक्षित ग्राम परकोम में दो दिवसीय छग राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें छग राज्य के कोने-कोने से आए मानस मंडलियों द्वारा मानस प्रेमियों को गीत संगीतमय व मर्यादा पुरषोत्तम रामचन्द्र का सारर्भित कथा का श्रवण कराया गया। जिसमें आसपास गांवों के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में पहुंचे। वहीं मानस प्रेमियों ने राम कथा सुनी। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणि चंद्राकर, सरपंच अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, परमेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, राजू पटेल, सचिव भोजराम पटेल अश्वत दीवान सलाहकार चंद्रकुमार पटेल, मुकेश चंद्रवंशी, प्रचार प्रभारी टकेश निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश पटेल सहित ग्राम के वरिष्ठजन पुरुषोत्तम पटेल, नेतराम पटेल, कृष्णचंद पटेल, धनराज दीवान, लक्ष्मण पटेल आदि ने



बताया कि यह कार्यक्रम ग्यारहवां वर्ष है। जिसमें आमंत्रित प्रत्येक टोली को ग्रामवासियों की ओर से एक नग टोकरी में भगवान राम का प्रतीक चिन्ह के साथ फल व प्रोत्साहन राशि देकर विदाई की गई। इस अवसर पर प्रसादी के रूप में कौशल्या भंडारा का आयोजन भी हुआ। सुर सरिता मानस मंडली मोंगरापाली खरियार रोड ओडिशा, पूजा मानस मंडली चिरको, गिरौधपुरी बलोदाबाजार, मधुरिमा मानस मंडली बरोंडा चौक महासमुंद, स्वरमाला मानस मंडली देवगांव छुरा, रामरंग मानस मंडली खल्लारी बागबाहरा, पारसमणी मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर, संगम मानस मंडली परकोम, किंकर मानस मंडली नंदनीनगर अहिवारा दुर्ग, भजन संध्या ग्रुप पेंड्रा छुरा गरियाबंद, सत्यम शिवम सुंदरम मानस मंडली भारदा कला राजनांदगांव, दाई के दुलार मानस मंडली कन्हारपुरी गुरुर बालौद एवं पावन गंगा मानस मंडली मठपुरैना रायपुर आदि टोली ने हिस्सा लिया।

**सराहनीय : अजजा और अजा समुदायों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास**

# महासमुंद में आदिवासी विकास के नए आयाम, समृद्धि की ओर सशक्त कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विकसित छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ता विष्णु सुशासन के एक वर्ष कार्यकाल के दौरान विभाग ने शिक्षा, आर्थिक सहायता, आवासीय सुविधाओं और अधिकारों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो जिले की समृद्धि और प्रगति की दिशा में मजबूत कदम हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान




जिले में 115 छात्रावास और आश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां 5433 छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम भोरिंग में स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत 417 अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त सत्र 2023-24 में 7437 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 418.14 लाख रुपए वितरित किए गए।

### सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण

अंतरजातीय विवाह योजना के तहत 36 दंपतियों को 2.50 लाख रुपए प्रति प्रकरण के हिसाब से कुल 90 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिले के 936 पीवीटीजी परिवारों को पहचान और कल्याण योजनाओं से जोड़ते हुए 3032 आधार कार्ड, 2102 बैंक खाते, 1887 आयुष्मान कार्ड, और 3183 राशन कार्ड जारी किए गए। पीवीटीजी आवास योजना के तहत 7 आवासों के निर्माण के लिए 17.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए।

### वनाधिकार और सांस्कृतिक संरक्षण

वनाधिकार अधिनियम के तहत 50 व्यक्तिगत और 5 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, देवगुड़ी निर्माण योजना के अंतर्गत 40 देवगुड़ियों के निर्माण के लिए 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई। इसी के साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण योजना के तहत 30 मामलों के लिए 41.25 लाख की सहायता राशि दी गई। महासमुंद जिले में आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के सशक्तिकरण के ये प्रयास न केवल उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं, बल्कि जिले की समृद्धि और विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# केवि में बैगलेस डे का द्वितीय चरण शुरू हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से आठवी तक के विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय बैगलेस डे के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई। इस चरण के प्रथम दिन ब्यूटीशियन भारती साहू द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने स्वस्थ्य त्वचा के लिए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार की जानकारी दी। साथ ही उन्होने टैनिंग, पिंपल, डैंड्रफ, कम उम्र में बाल सफेद होना, स्किन ड्राइनेस आदि से संबंधित जानकारी बच्चों को प्रदान की। उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा को शांत करते हुए बहुत सारे प्रश्नों के उत्तर दिए। कुछ घरेलू नुस्खों से बालों की देखभाल कर डैंड्रफ आदि से कैसे छुटकारा मिल सकता है एलोविरा का उपयोग कर बालों को मसाज देना, पिंपल के लिए पानी अच्छे से पीना और मैदा को न खाने की सलाह दी। उन्होंने साथ में लाए कुछ उपकरण जैसे हेयर ड्रायर, हेयर स्पा के लिए हाई फ्रिक्वेंसी, फेस स्टीम, हेयर स्ट्रेटनर आदि का उपयोग करके बताया। उन्होंने बच्चों को मेहंदी लगाना भी सिखाया। इस कार्यक्रम में वंदिनी जौहरी, के निर्मलकर, सोहन लाल साहू, रवीना ने अपना सहयोग प्रदान किया।



### गोस्वामी समाज घर-घर मेल मुलाकात कार्यक्रम


**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष जिले में निवास करने वाले समस्त गोस्वामी परिवारों के घर जाकर सौजन्य मुलाकात किया जाता है। इसी क्रम में रविवार 15 दिसंबर को समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में रामेंद्र गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, यशवंत गिरि, राजू गिरि आदि पदाधिकारियों ने महासमुंद नगर, मचेवा, बम्हनी, साराडीह, आरंग में रहने वाले गोस्वामी समाज के लोगों के घर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर महासमुंद में दिनांक 24 व 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय सामाजिक कार्यशाला तथा पारिवारिक सम्मेलन का आमंत्रण भी दिया गया। जिला इकाई के इस अभिनव कार्य का प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, विजय पुरी, मनोज गिरि, अजय गिरि, पेमेंद्र गिरि, राघवेंद्र गिरि, बबलू पुरी, चोवा पुरी आदि ने प्रशंसा करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# गौठानों व रीपा केंद्रों को बंद करने का दुष्परिणाम है पलायन: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उस बयान को हास्यास्पद बताया है। जिसमें उन्होंने गौठानों व रीपा (रूरल इंडस्ट्रियल पार्क) को लेकर दी है। चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गौठानों के उपयोगिता को लेकर होमवर्क तथा रीपा केंद्रों में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से रेडी-टू-ईट निर्माण की बात कही है, जो कांग्रेस शासन के समय प्रदेश के 300 रीपा केंद्रों तथा गोठानों से जुड़ी महिलाओं तथा किसानों के साथ धोखा है।

चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में गौठान गोधन न्याय योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 21 जुलाई, 2020 को की थी। इसके तहत, राज्य सरकार पशुपालकों और किसानों को कई तरह के फायदे दे रही थी। सरकार गाय और भैंस के गोबर को 2 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी कर पशुपालकों को अतिरिक्त आय प्रदान कर रही थी। इस योजना से पशुपालकों की आय में वृद्धि हो रही थी। साथ ही गौ पालन और गौ संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा था। किसानों ने जैविक उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ाया और रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम किया। स्थानीय स्तर पर जैविक खाद आसानी से उपलब्ध हो रही थी। जिससे भूमि की उर्वरता में सुधार हो रहा था। इसके अलावा रीपा योजना के तहत बघेल ने 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की निर्माण का महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया। 2 अक्टूबर 2022 गांधी जयंती के अवसर पर बघेल ने रीपा योजना का शुभारंभ किया था।



उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजना में से एक रीपा से ग्रामीणों एवं महिलाओं की जिंदगी खुशहाल हो रही थी। रीपा से ग्रामीण माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के सकारात्मक और बेहतर परिणाम सामने आने लगे। महिलाएं खुद हुनरमंद होकर छोटे-छोटे रोजगार के जरिए स्वावलंबी बन रहे थे। गांव में उद्यमिता को बढ़ावा मिलने से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी हुआ था। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजी-रोटी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा। बघेल के गौठान और रीपा योजना का एक बेहतर प्रतिफल यह भी रहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रूक गया था। चंद्राकर ने आगे कहा गांव में ही रूरल इंडस्ट्रियल पार्क खोले जाने से महिलाओं को घर के पास ही रोजगार मिल रहा था। साथ ही उनकी आमदनी भी दोगुनी हो रही थी। महिलाएं चूल्हे चौके से बाहर निकलकर अत्याधुनिक मशीन चला रही थीं।

महिलाओं को मशीन चलाने का प्रशिक्षण भूपेश सरकार द्वारा दिया गया। जिसके बाद महिलाएं पेंट, ईंट, दोना-पत्तल समेत 100 से ज्यादा प्रकार के सामान का उत्पादन कर स्वावलंबी बन रही थी तथा दूसरों को रोजगार उपलब्ध करा रही थी। लेकिन सरकार बदलते ही भाजपा ने दुर्भावनावश गौठान व रीपा का संचालन बंद कर दिया। महिला स्वसहायता समूह की हजारों महिलाएं बेरोजगार हो गई। इसी तरह गौठान बंद होने से गौ पालकों को गोबर तथा गौ मूत्र बेचकर जो अतिरिक्त आय मिल रहा था, वह भी बंद हो गया। महिलाएं घर की जिम्मेदारियां उठा रही थी। गौठान व रीपा बंद करने का दुष्परिणाम आज गांवों में पलायन के रूप में देखने को मिल रहा है। पूरे देश में भूपेश सरकार के जिस योजना को सराहा गया था, उन योजनाओं को लेकर आज भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कह रहे हैं कि गौठानों की क्या उपयोगिता हो सकती है, उन पर होमवर्क कर रहे हैं।

# तुषार ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से उनके निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर अछोली से भोरिंग पहुंच मार्ग बनाने व महासमुंद विधानसभा क्षेत्र की अनेक गांवों के सड़कों की रिपेयरिंग करवाने का मांग की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजनाओं के बारे में चर्चा की।



# अयोध्या नगर में भागवत कथा: बिना मांगें सब कुछ देते हैं भगवान: मुरलीधर

**महासमुंद।** अयोध्या नगर स्थित श्रीराम वाटिका में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर वार्ड नं. 10 के पार्षद एवं नगरीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक देवीचंद राठी, भाजपा नेत्री सुजाता विश्वनाथन, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिका, युवा भाजपा नेता पप्पू ठाकुर ने कथा श्रवण किया। भागवत कथा के व्यासपीठ में विराजित कथा वाचक पं. मुरलीधर दुबे श्रीधाम वृंदावन ने भक्तों से कहा कि भगवान के पास मांग नहीं करनी चाहिए। बिना मांग के भगवान सब कुछ देते है। निःस्वार्थ भाव से भक्ति करें। आज देश में विध्वंसकारी ताकतें हावी हो रही है। देशद्रोह बढ़ रहा है। धर्म पर चोट पहुंचानें वालों से सावधान रहें। भागवत कथा के माध्यम से जगाने का काम किया जा रहा है। आप सभी जागे सोना बंद करें। कथा श्रवण उपरान्त महाआरती हुई। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन परमेंश्वर ठाकुर एवं वार्डवासियों द्वारा आयोजित है। ईमलीभाठा में दान में प्राप्त जमीन पर लक्ष्मीनारायण मंदिर पं. मुरलीधर दुबे की संस्था द्वारा निर्माणाधीन है। शहरवासियों से पं. दुबे ने आर्थिक सहयोग की अपील की है। जिससे मंदिर भव्य बन सके। जहां मां दुर्गा एवं भगवान शिव परिवार का भी मंदिर बनेगा।



# महाविद्यालय व उद्देश्य से अवगत हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद द्वारा किए जा रहे पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत 16 दिसंबर 2024 को डॉ.अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतिम दिन जिले के अंग्रेजी माध्यम के अग्रणी विद्यालय महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भ्रमण किया गया। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान समिति के नोडल अधिकारी प्रो प्रतिमा चंद्राकर तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रो रवि देवांगन एवं प्रो तरुण बांधे, प्रो हरिशंकर नाथ, प्रो निलेश तिवारी एवं प्रो शिखा साहू द्वारा जिले के अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल




महासमुंद का भ्रमण किया गया। उच्च शिक्षा आयोग के पत्र अनुसार विद्यालयों के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, मूलभूत सुविधाओं, भविष्य निर्माण के लिए उपलब्ध अवसरों तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का उद्देश्य की जानकारी प्रतिमा चंद्राकर ने दी। विभिन्न संकायों में उपलब्ध सीट संख्या की जानकारी रवि देवांगन दी। अभियान के तहत राजनीति शास्त्र प्राध्यापक हरिशंकर नाथ ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा डीएससी, वीएसी, जीई एवं एईसी की विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के गणित के प्राध्यापक निलेश तिवारी ने महाविद्यालय में संचालित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा पद्धति, सेमेस्टर प्रणाली, परीक्षा पद्धति, प्रवेश प्रकिया, शासन प्रदत्त छात्रवृत्ति, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, अन्य लाभकारी योजना से विद्यार्थियों को अवगत कराया। महाविद्यालय के भौतिकी के प्राध्यापक शिखा साहू, महर्षि विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी ने भी अपने विचार साझा किए।

